भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 3570

सोमवार, 10 अगस्त, 2026/19 श्रावण, 1948 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

उत्तर प्रदेश में पर्यटन विकास परियोजनाएं

3570. श्री छत्रपाल सिंह गंगवार:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्तर प्रदेश और विशेषकर बरेली जिले में, स्वदेश दर्शन, प्रसाद और अन्य केंद्रीय योजनाओं के अंतर्गत पर्यटन विकास परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) इन परियोजनाओं से पर्यटन और स्थानीय रोजगार सृजित करने में कितनी बढ़ोतरी हुई है; और

(ग) क्या सरकार द्वारा बरेली में ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण और पर्यटन के विकास के लिए कोई अतिरिक्त परियोजना तैयार की गई है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): पर्यटन मंत्रालय अपनी विभिन्न योजनाओं जैसे कि स्वदेश दर्शन (एसडी), स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0), चुनौती-आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी), केंद्रीय एजेंसियों को सहायता (एसीए) और तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) के तहत पर्यटन से जुड़े अनुभव को बेहतर बनाने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सहित पूरे देश में पर्यटन से संबंधित अवसंरचना के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करके राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के प्रयासों को संपूरित करता है।

भारत सरकार 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता - प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का वैश्विक स्तर पर विकास' नामक अपनी पहल के अंतर्गत देश के प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों के समग्र विकास के प्रमुख उद्देश्य के साथ वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

उपर्युक्त योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

(ख): पर्यटन मंत्रालय ने अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से देशभर में समग्र पर्यटक अनुभव को बेहतर बनाने और उन्नत करने के लिए विभिन्न कार्यों को मंजूरी दी है, जिनमें पर्यटक सूचना केंद्र, कतार प्रबंधन परिसर, प्रतीक्षा कक्ष, क्लॉक रूम, पहुंच मार्गों का चौड़ीकरण, तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी, फुट-ओवर ब्रिज, पार्किंग, और बुनियादी सुविधाएं जैसे शौचालय, डस्टबिन,

पेयजल सुविधाएं तथा स्थल संबंधी अन्य विकास कार्य शामिल हैं। उपर्युक्त योजना के तहत निष्पादित परियोजनाएं पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय रोजगार सृजन के उद्देश्य के साथ पर्यटन अवसंरचना का समग्र और सतत तरीके से विकास सुनिश्चित करती हैं।

(ग): वर्तमान में, बरेली में ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और पर्यटन के विकास से संबंधित कोई भी प्रस्ताव मंत्रालय के विचाराधीन नहीं है। हालांकि, पर्यटन परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता हेतु राज्य सरकारों और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से प्रस्ताव प्राप्त होना एक निरंतर प्रक्रिया है। प्राप्त प्रस्तावों की जांच निर्धारित दिशानिर्देशों के संदर्भ में की जाती है और निर्धारित शर्तों को पूरा करने तथा धन की उपलब्धता के अध्यधीन ऐसी परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

*****

अनुबंध

श्री छत्रपाल सिंह गंगवार द्वारा उत्तर प्रदेश में पर्यटन विकास परियोजनाओं के संबंध में दिनांक 10.08.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या 3570 के भाग (क) के उत्तर में **विवरण**

उत्तर प्रदेश में स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

राशि (करोड़ रु. में)

क्र.सं.	**परिपथ/स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**उपयोग के लिए प्राधिकृत राशि**	**स्थिति**
1.	बौद्ध 2016-17	श्रावस्ती, कुशीनगर और कपिलवस्तु का विकास	87.89	68.43	पूर्ण
2.	रामायण 2016-17	चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर का विकास	69.45	56.03	पूर्ण
3.	आध्यात्मिक 2016-17	आहर - अलीगढ़ - कासगंज - सरोसी (उन्नाव)-प्रतापगढ़-कौशांबी-मिर्जापुर - गोरखपुर - डुमरियागंज - बस्ती - बाराबंकी - आजमगढ़ - कैराना - बागपत - शाहजहांपुर का विकास	71.91	69.63	पूर्ण
4.	आध्यात्मिक 2016-17	बिजनौर-मेरठ-कानपुर - कानपुर देहात - बांदा- गाजीपुर-सलेमपुर-घोसी - बलिया - अम्बेडकर नगर-अलीगढ़-फतेहपुर-देवरिया-महोबा-सोनभद्र - चंदौली - मिश्रिख - भदोही का विकास	67.51	63.62	पूर्ण
5.	विरासत 2016-17	कालिंजर किला (बांदा) - मगहरधाम (संतकबीर नगर) - चौरीचौरा, शहीद स्थल (फतेहपुर) - महुअर शहीद स्थल (घोसी) - शहीद स्मारक (मेरठ) का विकास	36.65	36.65	पूर्ण
6.	रामायण 2017-18	अयोध्या का विकास	127.21	113.22	पूर्ण
7.	आध्यात्मिक 2018-19	जेवर - दादरी - सिकंदराबाद - नोएडा - खुर्जा - बांदा का विकास	12.03	11.43	पूर्ण

8	आध्यात्मिक 2018-19	गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपट्टन मंदिर (बलरामपुर) और वटवाशनी मंदिर (डुमरियागंज) का विकास	18.30	18.12	पूर्ण

उत्तर प्रदेश में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

राशि (करोड़ रु. में)

क्र.सं.	**गंतव्य**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृति तिथि**	**स्वीकृत राशि**	**उपयोग के लिए प्राधिकृत राशि**	**स्थिति**
1.	नैमिषारण्य	वैदिक - वेलनेस एक्सपीरियंस	05.03.2024	17.8	-	भौतिक प्रगति 0.00% है।
2.	प्रयागराज	आजाद पार्क और देखो प्रयागराज ट्रेल एक्सपीरियंस	05.03.2024	14.52	1.45	भौतिक प्रगति 12.45% है।

उत्तर प्रदेश में तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

राशि (करोड़ रु. में)

क्र.सं.	**स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**उपयोग के लिए प्राधिकृत राशि**	**स्थिति**
1.	2015-16	वाराणसी का विकास - चरण-I	18.73	18.73	पूर्ण
2.	2014-15	मेगा पर्यटक परिपथ (चरण-II) के रूप में मथुरा-वृंदावन का विकास	10.98	10.98	पूर्ण
3.	2017-18	गंगा, वाराणसी में रिवर क्रूज पर्यटन	9.02	9.02	पूर्ण
4.	2014-15	वृंदावन में पर्यटक सुविधा केन्द्र का निर्माण	9.36	9.36	पूर्ण
5.	2017-18	वाराणसी का विकास - चरण-II	44.60	31.77	भौतिक रूप से पूर्ण
6.	2018-19	गोवर्धन में अवसंरचना सुविधाओं का विकास	37.59	30.97	भौतिक रूप से पूर्ण

उत्तर प्रदेश में चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजना का विवरण:

राशि (करोड़ रु. में)

क्र.सं.	**गंतव्य/श्रेणी**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृति तिथि**	**स्वीकृत राशि**	**उपयोग के लिए प्राधिकृत राशि**	**स्थिति**
1.	महोबा (संस्कृति एवं विरासत)	महोबा में सांस्कृतिक परिदृश्य का विकास	27.03.2023	24.98	2.50	भौतिक प्रगति 11.14% है।

उत्तर प्रदेश में पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

राशि (करोड़ रु. में)

क्र.सं.	**स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**उपयोग के लिए प्राधिकृत राशि**	**स्थिति**
1.	2024-25	आगरा जिले में बटेश्वर का विकास	74.05	101.83	भौतिक प्रगति 53.66% है।
2.	2024-25	श्रावस्ती में एकीकृत बौद्ध पर्यटन विकास	80.24		भौतिक प्रगति 65.29% है।

उत्तर प्रदेश में केंद्रीय एजेंसियों को सहायता (एसीए) योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजना का विवरण:

राशि (करोड़ रु. में)

क्र.सं.	**ऐजेंसी**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृति वर्ष**	**स्वीकृत राशि**	**उपयोग की गई राशि**	**स्थिति**
1.	रेल मंत्रालय और पर्यटन मंत्रालय द्वारा पर्यटक सुविधाओं का संयुक्त विकास	रायबरेली रेलवे स्टेशन	2013-14	4.44	2.25	पहले ही बंद कर दी गई है।

*****